सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान

जनता कॉलेज बकेवर इटावा के राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 27.05.2022 को सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान के तहत कॉलेज में सड़क सुरक्षा जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी जी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता के बारे में सभी छात्रों को संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा अति अनिवार्य है जिसकी व्यापक जागरूकता जन-जन में पहुंचाने के लिए हमें हमेशा प्रयास करने चाहिए जिससे सड़क दुर्घटनाएं कम हो। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार यादव ने सभी छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाई। कॉलेज प्रांगण से बकेवर कस्बे तक रैली निकाली गई। रैली को हरी झंडी दिखाकर प्राचार्य ने रवाना किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने वाहन धीमा चलाये , अपना कीमती जीवन बचायें , दुर्घटना से देर भली , सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा आदि नारे लगाकर आमजन को जागरुक किया। छात्र-छात्राओं ने हेलमेट लगाकर बाइक चलायें , कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगायें , नाबालिकों को वाहन न चलाने दें आदि बातों को लोगों कों समझाया यदि इन बातों को अपने जीवन में अपनायेंगें तो सड़क दुर्घटना से बचें रहेंगें व सुरक्षित रहेंगें। इस अवसर पर कालेज के प्राध्यापक डाॅ. पी.के. राजपूत, डॉ ब्रहमानंद, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय कैडेट कोर, आकाश चौधरी, इन्द्रेश पाण्डेय मनोज दीक्षित के साथ कालेज के छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।